भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2237
09 अगस्त, 2024 को जवाब दिया

भारतीय वस्त्रों का आयात और निर्यात

2237. डा. सैयद नसीर हुसैन:
श्री नीरज डांगी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान भारत में आयातित और भारत से निर्यात किए गए विभिन्न प्रकार के वस्त्रों की मात्रा का वर्ष-वार और देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों में भारतीय वस्त्रों के निर्यात से अर्जित राजस्व का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा देश में निर्मित वस्त्रों के प्रतिस्पर्धात्मक लाभ में सुधार के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) बेहतर उत्पादन हेतु भारतीय वस्त्र निर्माताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत के टेक्सटाइल एवं अपैरल (हस्तशिल्प सहित) के निर्यात एवं आयात का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) और (घ): वस्त्र उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, सरकार अपैरल/गारमेंट और मेड-अप्स के निर्यात पर राज्य और केंद्रीय कर और शुल्क (आरओएससीटीएल) की छूट के लिए योजना लागू कर रही है। इसके अलावा, आरओएससीटीएल के तहत कवर नहीं किए गए टेक्सटाइल उत्पादों को अन्य उत्पादों के साथ निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) के तहत कवर किया जाता है ।

सरकार देश में वस्त्र क्षेत्र के विकास के लिए विशेष रूप से विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र), समर्थ (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना), सिल्क समग्र, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम (आईडब्ल्यूडीपी), राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) आदि को क्रियान्वित कर रही है। इसके अलावा, सरकार टेक्सटाइल्स के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से देश में एमएमएफ अपैरल, एमएमएफ फैब्रिक्स और तकनीकी वस्त्रों के उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है।

अनुलग्नक

पिछले 5 वर्षों के दौरान टेक्सटाइल एवं अपैरल (हस्तशिल्प सहित) का देश-वार निर्यात विवरण

मूल्य अमरीकी मिलियन डॉलर में

देश	वित्तीय वर्ष: 2019-20	वित्तीय वर्ष: 2020-21	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24
यूएसए	8,674	8,284	11,848	10,468	10,047
बांग्लादेश पीआर	2,172	2,136	5,180	2,533	2,816
यूनाइटेड अरब अमीरात	2,310	2,211	2,661	2,087	2,019
यूके	2,164	1,650	2,138	2,105	2,015
जर्मनी	1,535	1,350	1,596	1,566	1,321
चीन पी आरपी	1,049	1,459	1,475	414	1,133
फ्रांस	924	817	1,040	1,068	976
नीदरलैंड	709	677	908	956	965
स्पेन	973	700	943	946	881
इटली	706	581	843	870	782
शेष विश्व	13,960	11,720	15,804	13,673	12,919
कुल	**35,177**	**31,585**	**44,435**	**36,686**	**35,874**

स्रोत: डीजीसीआईएस, अनंतिम डाटा पूर्णांकित

पिछले 5 वर्षों के दौरान टेक्सटाइल एवं अपैरल (हस्तशिल्प सहित) का देश-वार आयात विवरण

मूल्य अमरीकी मिलियन डॉलर में

देश	वित्तीय वर्ष: 2019-20	वित्तीय वर्ष: 2020-21	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24
चीन पी आरपी	2,974	2,585	3,394	3,971	3,583
बांग्लादेश पीआर	733	562	903	1,215	1,042
यूएसए	833	322	452	810	627
वियतनाम एस.ओ.सी. रिपब्लिक	385	234	364	519	442
ऑस्ट्रेलिया	162	72	191	427	264
इंडोनेशिया	254	190	261	306	231
यूके	69	53	71	93	220
थाईलैंड	182	137	229	275	212
जापान	153	122	156	159	162
जर्मनी	131	105	124	164	161
शेष विश्व	2,385	1,491	2,049	2,542	2,005
कुल	**8,262**	**5,873**	**8,193**	**10,481**	**8,947**

स्रोत: डीजीसीआईएस, अनंतिम डाटा पूर्णांकित

****